malwa sound.qxd 13/02/2020 12:02 PM Page 1

हिन्दी साप्ताहिक

MPHIN35502

द साउन्ड ऑफ मालवा

वर्ष : 1 अंक : 1 (प्रति गुरूवार को जारी) उज्जैन, दिनांक 13 फरवरी से 19 फरवरी 2020 पृष्ठ 8 मूल्य : 1 रुपये

केजरीवाल तीसरी बार बने दिल्ली के दुलारे, बोले - दिल्ली ने नई राजनीति को जन्म दिया, हम सब मिलकर काम करेंगे

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से आम आदमी पार्टी 62 सीटों जीत दर्ज की

नई दिल्ली। अरविंद केजवरीवाल अब तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने जा रहे हैं। दिल्ली में आप की सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है। आप दिल्ली की 62 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस प्रचंड जीत के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने गजब कर दिया। आई लव यू। सभी दिल्लीवासियों को तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने तीसरी बार अपने बेटे पर भरोसा किया। कार्यकर्ताओं को पार्टी दफ्तर में सबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस दौरान संजय सिंह, राधव चड्ढा और संजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। केजरीवाल की पत्नी भी उनके साथ मौजूद थीं।

दिल्ली के लोगों ने नई राजनीति को जन्म दिया है- अरविंद केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा, ''ये जीत मेरी जीत नहीं है ये दिल्ली के लोगों की जीत है। ये हर उस परिवार की जीत है जिन्होंने मुझे बेटा मान कर इतना समर्थन दिया। ये हर उस परिवार की जीत है जिनके घर में 24 घंटे बिजली मिलने लगी है। ये हर उस परिवार की जीत है जिनका दिल्ली के अस्पतालों में अच्छा इलाज होने लगा है। दिल्ली के लोगों ने नई रानजीति कि जन्म दिया है। इसका नाम काम की राजनीति है। दिल्ली के लोगों ने संदेश दे दिया कि वोट उसी को जो स्कूल बनावएगा। वोट उसी को जो मोहल्ला क्लिनिक बनवाएगा। वोट उसी को जो 24 घंटे और सस्ती बिजली देगा। जो मोहल्लों में सड़कें बनाएगा। ये नई राजनीति की शुरुआत है जो देश के लिए शुभ संकेत हैं।''

हनुमान जी का दिन है, उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद - केजरीवाल

इसके साथ ही उन्होंने कहा, ''ये केवल दिल्ली के लोगों की जीत नहीं है ये भारत माता की जीत है। पूरे देश की जीत है। मंगलवार है। हनुमान जी का दिन है। हनुमान जी का बहुत-बहुत धन्यवाद। अगले पांच साल दिल्ली को अच्छा बना सकें। मेरे परिवार के लोगों ने भी बहुत मेहनत किया। आज मेरी पत्नी का जन्मदिन है। मैंने तो केक खा लिया और आप सबको भी खिलाएंगे। दिल्ली के लोगों ने बड़ी उम्मीदों से इतनी सीटें दी हैं। सब

ड्राइवर ने कहा- विधायक जी की गाड़ी है, मजिस्ट्रेट बोले- इनका जुर्माना करो

गुना। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने वाहन चैकिंग के दौरान गुना के भाजपा विधायक गोपीलाल जाटव के वाहन में हूटर लगा होने पर 500 रुपए का जुर्माना किया है। बुधवार को दोपहर में विधायक अपनी हूटर लगी गाड़ी में बैठकर जा रहे थे, तभी चैकिंग में उन्हें रोका गया। पहले तो ड्राइवर ने रौब झाड़ते हुए पुलिसकर्मी से कहा कि विधायक जी की गाड़ी है, लेकिन मजिस्ट्रेट के सामने इनकी एक न चली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यातायात पुलिस को निर्देश देकर मौके पर ही जुर्माना कराया।

काशी - महाकाल एक्सप्रेस का प्रधानमंत्री 16 को करेंगे उद्घाटन

इंदौर/लखनऊ। वाराणसी से लखनऊ और इलाहाबाद के रास्ते इंदौर के लिए काशी-महाकाल एक्सप्रेस का उद्घाटन 16 फरवरी को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में इस हमसफर क्लास ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। एसी बोगियों वाली यह ट्रेन 20 फरवरी से नियमित रूप से चलेगी। यह देश की तीसरी कॉरपोरेट ट्रेन होगी, जिसका संचालन तेजस की तरह आईआरसीटीसी के पास होगा। ट्रेन तीन ज्योतिर्लिंग वाराणसी में काशी विश्वनाथ, उज्जैन में महाकालेश्वर और इंदौर के पास ओंकारेश्वर को जोड़ेगी। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए बुधवार को आदेश जारी कर दिए। दो दिन में किराया तय कर बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। ट्रेन सप्ताह में दो दिन लखनऊ और एक दिन प्रयागराज होकर चलेगी।

समय सारिणी

- ट्रेन 82401 मंगलवार व गुरुवार को दोपहर 2.45 बजे वाराणसी से चलकर शाम 7.05 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से कानपुर, बीना, भोपाल, उज्जैन होते हुए अगले दिन सुबह 9.40 बजे इंदौर पहुंचेगी।
- ट्रेन 82402 इंदौर से बुधवार व शुक्रवार सुबह 10.55 बजे चलकर रात 11.40 बजे कानपुर, 1.20 बजे लखनऊ होते हुए सुबह छह बजे वाराणसी पहुंचेगी।
- ट्रेन 82403 हर रविवार दोपहर 3ः15 बजे वाराणसी से चलकर इलाहाबाद होते हुए अगली सुबह 9.40 बजे इंदौर पहुंचेगी, जबकि 82404 एक्सप्रेस हर सोमवार सुबह 10.55 बजे इंदौर से चलकर रात 11.40 बजे कानपुर, 2.35 बजे इलाहाबाद होते हुए सुबह पांच बजे वाराणसी पहुंचेगी।

खासियत

- यात्रियों को शाकाहारी भोजन ही मिलेगा।
- हर बोगी में बेडरोल, हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मी रहेंगे।
- स्टेशनों पर करंट रिजर्वेशन आरक्षण चार्ट बनने के बाद भी ट्रेन छूटने के पांच मिनट पहले तक होगा।
- ट्रेन निरस्त होने पर कंफर्म व वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को ऑटोमेटिक फुल रिफंड मिलेगा।
- ट्रेन में टूर पैकेज भी होगा।

कमलनाथ सरकार के दूसरे बजट में दिखेगा कांग्रेस का वचन पत्र

भोपाल। कमलनाथ सरकार का दूसरा बजट 16 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम सप्ताह में पेश किया जा सकता है। इसको लेकर राज्य सरकार की तैयारियां तेज हो गई हैं। बजट का फोकस इस बार कांग्रेस के वचन पत्र और विजन टू डिलीवरी रोडमैप 2025 पर रहेगा। सरकार को नए बजट में किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगारों का भत्ता, युवाओं को रोजगार का वादा पूरा करना है। माना जा रहा है कि इस पर बड़ी राशि का प्रावधान किया जा सकता है। कर्मचारी कल्याण, अधोसंरचना और पर्यटन विकास के लिए भी विभागों को बड़ी राशि दी जाएगी। वित्त विभाग ने प्रस्तावों पर दो दौर की चर्चा कर ली है। अब वित्तमंत्री तरुण भनोत कुछ मंत्रियों से प्रस्तावों पर चर्चा कर सकते हैं।

मुजफ्फरनगर में 53 उपद्रवियों से वसूले जाएंगे 23 लाख, कोर्ट ने दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर। एक स्थानीय अदालत ने सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान 53 लोगों को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी पाया है। अदालत ने दोषियों से 23.41 लाख रुपये वसूलने का निर्देश दिया है।

एडीएम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि 20 दिसंबर को मुजफ्फरनगर में सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। सभी दोषियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचाना गया ।

सभी दोषियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। एक सीनियर सरकारी अधिकारी ने कहा, सीसीटीवी में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाते सभी 57 लोगों को नोटिस भेजा गया था। उनसे अपने जवाब दाखिल करने को कहा गया था। इनमें चार बाद में निर्दोष साबित हुए जबकि 53 लोगों के जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। सभी आरोपियों को एडीएम कोर्ट के

सामने अपने बयान दर्ज करने के लिए कहा गया था।

आरोपी के वकील मुन्नवर हुसैन ने कहा, मेरे क्लाइंट निर्दोष हैं और ज्यादातर बहुत गरीब है। हम इस ऑर्डर के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। वकील ने कहा कि एक आरोपी राजू मजदूर है और किराए के मकान में रहता है।वह सीसीटीवी में फुटेज में शुक्रवार की नमाज के बाद वापस लौटते हुए नजर आ रहा है। उसका हिंसा से कुछ लेना देना नहीं, लेकिन प्रशासन ने उसे भी नोटिस भेज दिया।

भगवान महाकाल गुरूवार से नौ दिन तक अलग - अलग रूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे

श्री कोटेश्वर महादेव का प्रतिदिन पहले होगा पूजन

उज्जैन। साल में कुल 12 शिवरात्रियां होती है उसमें फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की रात्रि महाशिवरात्रि के नाम से प्रसिद्ध है। संहार शक्ति व तमोगुण के अधिष्ठाता शिव की रात्रि महाशिवरात्रि शिव आराधना की सर्वश्रेष्ठ रात्रि । इस वर्ष शिवरात्रि पर त्रयोदशी के साथ चतुर्दशी का संयोग चारों प्रहर की पूजा को कुछ खास बना रहा है। इस रात्रि में अनेकानेक आध्यात्मिक शक्तियां जाग्रत होंगी जो वृति के मनोरथों को पूर्ण करेगी। इसी महारात्रि में जीवन रूपी चन्द्र का शिव रूपी सूर्य से सम्मिलन होगा। यही महाशिवरात्रि का महत्व है, क्योंकि चतुर्दशी के स्वामी स्वयं शिव है। भगवान महाकाल गुरूवार 13 फरवरी से 09 दिन तक अलग-अलग रूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। आज से शिव नवरात्र प्रारंभ होगा। साथ ही 13 फरवरी से प्रतिदिन भगवान श्री महाकालेश्वर एवं श्री

कोटेश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन किया जावेगा। जिला प्रशासन एवं मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अपर कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एस.एस. रावत ने मंदिर समिति के अधिकारियों आदि के साथ तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासक श्री रावत ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिवनवरात्र प्रारंभ के पहले दिन कोटितीर्थ कुण्ड के पास स्थित श्री कोटेश्वर महादेव का शिव पंचमी का पूजन प्रात: किया जावेगा। श्री कोटेश्वर महादेव के पूजन आरती पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन - अभिषेक किया जावेगा। श्री महाकालेश्वर भगवान के पूजन के बाद ब्राम्हणों के द्वारा एकादश - एकादशनि रूद्राभिषेक पूरी शिवनवरात्रि के दौरान किया जावेगा। इसके बाद प्रात: 10.30 पर होने वाली भोग आरती दोपहर में की जावेगी। अपरान्ह 03 बजे भगवान महाकाल के संध्या पूजन पश्चात श्रृंगार किया जावेगा।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:02 PM Page 2

सम्पादकीय

दिल्ली विधानसभा में हार के बाद भी बीजेपी के लिए छिपी है बड़ी खुशखबरी

दिल्ली की सत्ता से 22 साल से बाहर बीजेपी के लिए इस बार भी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, हार के बाद भी बीजेपी के लिए खुश होने का मौका है। दरअसल, भगवा दल ने 70 विधानसभा सीटों में से 63 सीटों पर पिछले चुनाव की तुलना में अपने वोट शेयर बढ़ाया है।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। रिजल्ट का शोर थम चुका है। आम आदमी पार्टी (आप) ने 62 सीटों पर जीत के साथ लगातार तीसरी बार वापसी की है। बीजेपी का दिल्ली में वनवास और बढ़ चुका है। हालांकि, परिणामों में हार के बाद भी बीजेपी के लिए खुशखबरी भी छिपी है। क्योंकि कांग्रेस का जहां दिल्ली में पत्ता साफ हो चुका है वहीं, भगवा दल के वोट शेयर में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

सभी कॉमेंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंदिल्ली के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि बीजेपी



भले ही बुरी तरह चुनाव हार गई हो लेकिन उसे ज्यादातर विधानसभा सीटों पर अच्छी बढ़त बनाई और उसका वोट शेयर बढ़ा है। दिल्ली के 70 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने इस बार 8 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा बीजेपी का 63 सीटों पर वोट शेयर बढ़ा है। 20 सीटों पर बीजेपी ने 2015 चुनाव की तुलना में 10 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर बढ़ाया है। बीजेपी ने सबसे ज्यादा वोट शेयर नजफगढ़ सीट पर बढ़ाया है। यहां पिछली चुनाव की तुलना में उसका वोट शेयर 21.5 फीसदी बढ़ा है।

आप का वोट शेयर घटा, बढ़ा

आप ने इन चुनावों में बंपर जीत हासिल की है। पर जहां तक वोट शेयर की बात करें तो 38 सीटों पर आप का वोट शेयर घटा है। हालांकि पिछले चुनाव की तुलना में 5 सीटें ऐसी हैं जहां आप ने 10 प्रतिशत से ज्यादा वोट शेयर बढ़ाया है। आप ने मुस्तफाबाद विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा 23 फीसदी वोट शेयर बढ़ाया है। इसके अलावा 32 सीटें ऐसी हैं जहां आप का वोट शेयर बढ़ा भी है। मुस्लिम आबादी वाली सीटों जैसे, मुस्तफाबाद, मटिया महल, चांदनी चौक, बल्लीमरान और सीलमपुर जैसे सीटों पर आप के वोटों में जोरदार बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा 27 ऐसे विधानसभा सीटें रहीं जहां और आप और बीजेपी दोनों का वोट शेयर बढ़ा है। करावल नगर सीट पर आप के वोट शेयर सबसे ज्यादा घटे। पिछले चुनाव की तुलना में आप को यहां 13.5 प्रतिशत कम वोट मिले।

कांग्रेस लगातार दूसरी बार दिल्ली में अपना खाता खोल पाने में असलफ रही है। पार्टी के 63 उम्मीदवार अपनी जमानत गंवा बैठे। कांग्रेस ने 63 सीटों पर अपने वोट शेयर गंवाए हैं। दिल्ली में अपने सबसे बुरे प्रदर्शन से गुजर रही कांग्रेस के लिए अच्छी खबर कस्तूरबा नगर से आई, जहां उसने अपना वोट शेयर 2015 की तुलना में 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया है। मुस्तफाबाद में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा वोट शेयर गंवाया और यहां का उसका वोट सीधे आप के पास गया। मुस्तफाबाद में कांग्रेस को 2015 चुनाव की तुलना में 28.8 प्रतिशत कम वोट मिले।

जानें किसे मिले कितने वोट

दिल्ली के लोगों ने आप को जमकर समर्थन दिया है। उसे कुल पड़े मत में 49,74,522 लोगों का समर्थन मिला है। बीजेपी को 35,75,430 एवं कांग्रेस को 3,95,924 लोगों का समर्थन मिला है। गौरतलब है कि 16 फरवरी को अरविंद केजरीवाल रामलीला मैदान में पूरी कैबिनेट के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

सेना, हिंदुत्व और विश्वास के विरोधियों की जीत, मनाइए जश्न

दिल्ली के नतीजे आ गए, आम आदमी पार्टी को एक बार फिर बड़ी जीत मिली है। अरविंद केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे 'मुफ्तखोरी' की जीत बता रहे हैं तो कुछ लोग कह रहे हैं कि यह नफरत पर मोहब्बत की जीत है। खैर, जीत की वजह कुछ भी हो, जनमत का सम्मान होना चाहिए। लेकिन मुद्दा चुनाव या जीत का नहीं है, बल्कि कुछ और है। मैं इस बहस में नहीं जाऊंगा कि दिल्ली में 'फ्री' वाली सुविधाओं का बोझ किसपर पड़ रहा था, अभी या भविष्य में इसका नुकसान किसे-किसे होगा क्योंकि आम लोगों को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। चीजें पहले से ही साफ थीं कि चुनाव में नतीजे क्या होंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर बेशक केजरीवाल सरकार ने अन्य राज्यों से कुछ बेहतर काम किया है और उन्हें इसका फल मिलना भी था। फिर भी कुछ मुद्दे थे, जिनपर शायद दिल्लीवालों को अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझते हुए ध्यान देना चाहिए था।

पाकिस्तान में जब फ्रंट पेज पर छपे थे केजरीवाल

पता नहीं, दिल्ली के लोग कैसे भूल गए कि जब 18 सितंबर 2016 को उड़ी में 16 जवान शहीद हो गए थे तो हमारे देश की सेना से बदला लिए जाने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के विडियो मांगे गए थे। क्या दिल्लीवालों को यह भी नहीं याद रहा कि उस समय केजरीवाल ने वही भाषा बोली थी, जो पाकिस्तान बोल रहा था और केजरीवाल के द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद पाकिस्तान के समाचार पत्रों ने उसे फ्रंट पेज पर छापा था। और तो और केजरीवाल को लेकर पाकिस्तान के चैनलों पर लंबी बहस छिड़ गई थी। मैं कुछ मूर्खों की तरह यह कतई नहीं कहता कि केजरीवाल पाकिस्तान के एजेंट हैं या सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने के पीछे उनकी मंशा पाकिस्तान को किसी तरह का लाभ पहुंचाने की थी लेकिन मैं यह जरूर कहता हूं कि इतने महत्वपूर्ण पद पर बैठने वाले में इतनी संवेदनशीलता तो होनी ही चाहिए कि वह कम से कम कुछ ऐसा ना बोले जिसका लाभ दुश्मन देश उठा लें।

जब रची गई राष्ट्रवाद को बदनाम करने की साजिश !

पता नहीं दिल्ली के लोग इतनी जल्दी कैसे भूल गए कि शाहीन बाग में इसी आम आदमी पार्टी से जुड़े एक व्यक्ति के द्वारा हिंदुत्व को बदनाम करने की साजिश रची गई थी। याद है! शाहीन बाग में फायरिंग करने वाला शख्स 'जय श्री राम', 'हमारे देश में और किसी की नहीं चलेगी, सिर्फ हिंदुओं की चलेगी।' और 'हमारा देश हिंदू राष्ट्रवादी क्षेत्र है' जैसी बातें बोल रहा था तो पूरे सोशल मीडिया पर आरएसएस और राष्ट्रवाद के खिलाफ कैंपेन शुरू हो गए था। वह तो भला हो दिल्ली पुलिस का कि उसने वे तस्वीरें निकाल लीं, जिनसे पता लगा कि वह तो कई बड़े नेताओं का करीबी है। अगर ऐसा नहीं होता तो एक बार फिर 'हिंदू आतंकवाद' का सिद्धांत राष्ट्रवाद पर हावी हो जाता। आप कह सकते हैं कि मैं वह कपिल का निजी कदम हो सकता है, लेकिन मैं यह कतई नहीं मान सकता कि बिना 'राजनीतिक आकाओं' के समर्थन के कोई भी ऐसा कदम उठा सकता है। और अगर कपिल से संजय सिंह की करीबी का खुलासा नहीं होता तो सीधा फायदा तो 'आप' को ही होता ना ? भई! एक तो राष्ट्रवाद का अतिवादी रूप प्रतिस्थापित हो जाता, दूसरा हिंदू आतंकवाद भी सिद्ध हो जाता, तीसरा प्रशासनिक दृष्टि से केन्द्र सरकार पर तो सवाल उठा ही दिए गए थे, जिसको आधार बनाकर दिल्ली पुलिस को फिर से राज्य के अधीन करने की मांग शुरू हो जाती। और राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, केन्द्र सरकार, दिल्ली पुलिसज् इन सभी के केन्द्र में तो राजनीतिक तौर पर फिलहाल बीजेपी ही है, और्र क्की लड़ाई भी तो बीजेपी से ही है ना।

राम मंदिर की ओर

अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता अब बिल्कुल साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर के लिए ट्रस्ट बनाने की घोषणा कर दी है

अयोध्या में राम मंदिर बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने एक बड़ी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राम मंदिर ट्रस्ट के गठन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में यह जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट का नाम 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' रखा गया है। विवादमुक्त हुई जगह समेत अयोध्या में सरकार द्वारा अधिगृहीत 67 एकड़ जमीन इस ट्रस्ट को दे दी जाएगी।

1992 में बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद जब विवाद बढ़ा तो 1993 में अयोध्या में विवादित स्थल सहित आसपास की करीब 67 एकड़ जमीन का केंद्र सरकार ने अधिग्रहण कर लिया था, तभी से यह जमीन केंद्र के पास थी। केंद्र द्वारा राम मंदिर ट्रस्ट को मंजूरी दिए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अयोध्या से करीब 22 किमी दूर रौनाही में सुन्नी वक्फ बोर्ड को 5 एकड़ जमीन देने का ऐलान किया।

गौरतलब है कि नवंबर में चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से दिए अपने ऐतिहासिक फैसले में विवादित जमीन पर रामलला का हक माना और वह जमीन राम मंदिर के लिए दे दी, जबकि मुस्लिम पक्ष को अयोध्या में ही मस्जिद बनाने के लिए कहीं और जमीन देने का आदेश दिया। इसके साथ ही अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए तीन महीने के अंदर एक ट्रस्ट बनाया जाए।

अब सरकार ने कोर्ट के आदेश की तामील कर दी है और मंदिर बनाने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि कुछ उलझनें अब भी सुलझनी बाकी हैं।



सरकार ने ट्रस्ट के सदस्यों का नाम अभी नहीं बताया है लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि उसने सोच-समझकर ही इसमें लोगों को रखा होगा। दरअसल, अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के तत्काल बाद जिस तरह वहां के प्रमुख साधु-संतों में टकराव हुआ, जिस तरीके से कई गुटों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, उससे ऐसा लगता है कि मंदिर के साथ अनेक पक्षों की आशाएं जुड़ी हैं और वे ट्रस्ट में अपनी अधिक से अधिक हिस्सेदारी चाहते हैं। देखना यह है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में इन दावेदारियों के बीच कितना संतुलन बन पाया है।

मंदिर निर्माण और बाद में उसके सुचारु संचालन के लिए यह संतुलन बहुत जरूरी है। कुछ उलझनें मुस्लिम पक्ष के साथ भी हैं। फैसले के तुरंत बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड के दो सदस्यों ने कहा था कि मस्जिद के लिए अलग से जगह न ली जाए। आज की तारीख में बोर्ड की क्या पोजिशन है, नहीं मालूम। यह भी नहीं पता कि यूपी सरकार ने मस्जिद के लिए जमीन तय करते वक्त मुस्लिम पक्ष की राय ली या नहीं। अच्छा होगा कि यह जगह वहां मस्जिद बनाने वालों को अपने मनमाफिक लगे। सरकार को इस मामले में हर किसी को विश्वास में लेकर चलना चाहिए ताकि लंबे समय से चले आ रहे एक बड़े विवाद का सुखद अंत हो।

दिल्ली : शाहीनबाग को चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई बीजेपी

दिल्ली का जनादेश राजनीतिक दलों के लिए खास तौर पर भाजपा और कांग्रेस के लिए बड़ा सबक है। आपकी जीत को महज हार-जीत के तराजू में नहीं तौला जाना चाहिए। आप और केजरीवाल की जीत में दिल्ली के मतदाताओं की मंशा को समझना होगा। कांग्रेस और भाजपा के लिए दिल्ली की जनता ने बड़ा संदेश दिया है।

दिल्ली में कांग्रेस की जमींन खत्म हो गई है। उसकी बुरी पराजय पार्टी के नीति नियंताओं पर करारा थप्पड़ है। कभी दिल्ली कांग्रेस की अपनी थी। शीला दीक्षित जैसी मुख्यमंत्री ने दिल्ली को बदल दिया था। वहां के जमींनी बदलाव के लिए आज भी शीला दीक्षित को याद किया जाता है। लेकिन उनके जाने के बाद दिल्ली से कांग्रेस का अस्तित्व की मिट गया। यह सोनिया और राहुल गांधी के लिए आत्ममंथन का विषय है। दिल्ली की जनता ने तीसरी बार केजरीवाल को केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता सौंप यह साफ कर दिया है कि दिल्ली में जो सीधे जनता और और उसकी समस्याओं से जुटेगा दिल्ली पर उसी का राज होगा। भावनात्मक मसलों से वोट नहीं हासिल किए जा सकते हैं। दिल्ली से निकले इस जनादेश के संदेश का ब?ा मतलब है। भाजपा ने दिल्ली पर भगवा फहराने के लिए पूरी तागत झोंक दिया। लेकिन मतदाताओं के बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल की लोकप्रियता कम नहीं हुई। दिल्ली के चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि सिर्फ मोदी और हिंदुत्व को आगे कर भाजपा हर चुनाव मिशन को फतह नहीं कर सकती है। भाजपा 22 साल बाद भी अपने वनवास नहीं खत्म कर पाई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं बचा है। वह भाजपा की बुरी पराजय पर सीना भले ठोंक ले लेकिन उसके लिए आत्ममंथन का विषय है। दिल्ली जैसे राज्य में उसका सफाया बेहद चिंता की बात है। पांच सालों के दौरान आखिर दिल्ली में कांग्रेस और सोनिया गांधी गांधी का कुनबा कर क्या रहा था। दिल्ली में अपनी उपलब्धियां बताने के लिए उसके पास बहुत कुछ था, लेकिन कांग्रेस ने उसका भरपूर उपयोग नहीं किया। कांग्रेस की दुर्गति शीर्ष नेतृत्व को भले न हैरान करे पाए लेकिन देश में बचे खुचे उसके समर्थकों को उसकी पराजय बेहद खली है।

बड़ बोले राहुल गांधी सिर्फ मोदी को कोंसने में अपनी सारी उर्जा खत्म कर दिए। ट्यूटर हैंडिल की राजनीति से बाहर निकलना होगा। राहुल गांधी अपने नेतृत्व में उन्होंने कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए। पंजाब, राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की पराजय का मुख्यकारण उसकी नीतियां रही हैं। राहुल गांधी खुद की दिल्ली में एक सीट नहीं निकाल पाए। अपनी बयानबाजी से संसद से लेकर सड़क तक सिर्फ मजाब बनते दिखे। प्रियंका गांधी की नजर यूपी पर भले है। लेकिन दिल्ली को लवारिश छोड़ना कहां का न्याय है। प्रियंका गांधी हाल ही में वाराणसी में संतरविदास की जयंती पर पहुंच दलित कार्ड खेलने की कोशिश किया।

इसके पहले भी वह सोनभद्र के उम्भाकांड और दूसरे मसलों पर राज्य की योगी सरकार को घेरती रही है। लेकिन खुद अपनी नाक नहीं बचा पाई। पूरा गांधी परिवार दिल्ली में है, लेकिन एक भी सीट कांग्रेस नहीं निकाल पाई। पूरी की पूरी कांग्रेस सिर्फ गांधी परिवार की परिक्रमा में ख?ी दिखती है। शायद महात्मा गांधी ने सच कहा था कि कांग्रेस को अब खत्म कर देना चाहिए। जब तक कांग्रेस आतंरिक गुटबाजी से बाहर नहीं निकलती है उसकी पुर्नवापसी संभव नहीं है। कांग्रेस को गांधी परिवार भी भक्ति से बाहर निकलना होगा। कांग्रेस को पुर्नजीवित करने के लिए सोनिया गांधी को कड़े फैसले लेने होंगे। युवा चेहरों को आगे लाना होगा। सिर्फ राहुल और प्रियंका गांधी को आगे कर कांग्रेस का कायाकल्प नहीं किया जा सकता है। इस नीति से किसी का भला होने वाला नहीं है।

दिल्ली में सबसे गहरा आघात भाजपा के रणनीतिकार अमितशाह को लगा है। भाजपा आठ सीट जीत कर यह भले साबित कर ले कि उसने कुछ खोया नहीं है बल्कि 2015 के आम चुनाव से इस बार उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है। लेकिन इस तर्क का कोई मतलब नहीं है। भाजपा के सामने करो-मरो की स्थिति थी। पार्टी के रणनीतिकार और गृहमंत्री अमितशाह ने अपनी पूरी तागत लगा दिया था। लेकिन ईवीएम की बटन तो दबी लेकिन करंट शाहीनबाग तक नहीं पहुंचा। भाजपा की पूरी रणनीति फेल हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनता के मूड को नहीं भांप पाए। उन्होंने भी चुनाव की दिशा को शाहीनबाग की तरफ मोड़ने की कोशिश की, लेकिन उसका परिणाम उल्टा पड़ गया। दिल्ली की जीत आम आदमी की जीत है। यह जीत हिंदुत्व, वामपंथ और सेक्युलरवाद की नहीं झुग्गी झोपड़ी वालों की है।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:02 PM Page 3

गृह मंत्री ने खाचरौद में नवीन आईटीआई भवन का लोकार्पण एवं बालक एवं कन्या छात्रावास भवन का भूमि पूजन किया

निवेशकों के द्वारा प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश लगना शुरू, इनमें प्रदेश के 70 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा

उज्जैन। प्रदेश के गृह, जेल, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास मंत्री बाला बच्चन ने मंगलवार को उज्जैन जिले के खाचरौद तहसील मुख्यालय में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत एक करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन आईटीआई भवन का लोकार्पण किया। साथ ही दो करोड़ दो लाख रुपये की लागत से बालक एवं कन्या छात्रावास भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री बाला बच्चन ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि निवेशकों के द्वारा प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश शुरू हो चुका है। इनमें प्रदेश के 70 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। नवनिर्मित आईटीआई भवन खाचरौद में दो व्यवसाय मैकेनिक डीजल इंजन एवं हिन्दी स्टेनोग्राफी इसी सत्र अगस्त माह से प्रारम्भ करने की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने क्षेत्रवासियों को नवीन आईटीआई भवन के बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थी ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनायेंगे।

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बाला बच्चन ने क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह गुर्जर की पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नागदा एवं आईटीआई भवन खोलने की मांग पर राज्य शासन स्तर पर

विचार करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र के विधायक श्री गुर्जर के मन में क्षेत्र के विकास करने की हरदम तड़प रहती है और वह दमदारी के साथ विधानसभा में विकास की बात कर क्षेत्र में विकास करवाते हैं। वे बधाई के पात्र हैं। श्री बच्चन ने कहा कि सरकार ने जो जनता को वचन दिया था, उसको निरन्तर पूरा किया जा रहा है। शिक्षा में गुणवत्ता में आई गिरावट को सरकार दूर कर रही है। विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं को फेस करने के लिये भी कदम उठाये जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री कमल नाथ निरन्तर प्रदेशवासियों के लिये अच्छा काम कर रहे हैं और हाल ही में उनके द्वारा इन्दौर में निवेशकों को आमंत्रित किया था और निवेश के लिये निवेशकों ने सहमति दी थी और कई निवेशकों के द्वारा करोड़ों रुपये के निवेश करना भी प्रारम्भ कर दिया है। इन निवेशों में प्रदेश के लगभग 70 प्रतिशत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। इससे प्रदेश में बेरोजगारी दूर होगी। बाला बच्चन ने राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री कन्यादान की राशि में वृद्धि की जाकर 51 हजार रुपये की गई है। किसानों के कृषि ऋण माफी दो चरणों में पूरी की जा चुकी है और तीसरे चरण में ऋण माफी का कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास मंत्री बाला बच्चन ने कहा कि प्रदेश में 'शुद्ध के लिये युद्ध अभियान' जारी रहेगा। हर हालत में खाद्य सामग्री में किसी प्रकार की मिलावट न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। मानव हित के लिये खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही सरकार के द्वारा की जायेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में आम व्यक्तियों की सुरक्षा के लिये आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों से सख्ती से निपटा जायेगा। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने जिस तरह छिंदवाड़ा जिले को विकास के मॉडल के रूप में विकसित किया है, उसी तर्ज पर प्रदेश में भी कार्य किया जा रहा है। सरकार ने जो जनता से वादे किये हैं, शेष रहे वचनों को जल्द पूरा किया जायेगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि खाचरौद में आईटीआई भवन बनने एवं उसमें दो और नवीन ट्रेड प्रारम्भ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल होगा। सरकार रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बेरोजगार युवाओं को भविष्य में रोजगार की प्राप्ति हो और बेरोजगारी मिटे। श्री गुर्जर ने क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की मांग रखी, जिनमें मंत्री ने कई मांगों को मान्य कर शासन स्तर से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने नवीन आईटीआई भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। तत्पश्चात आईटीआई भवन के पीछे बालक एवं कन्या छात्रावास का भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम के पूर्व तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री सुनील चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खाचरौद के पुराना भवन ट्राइसेम योजना के अन्तर्गत मिनी आईटीआई के रूप में निर्मित किया था। इस भवन में सर्वप्रथम फीटर ट्रेड में प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया था। इसके बाद कम्प्यूअर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, विद्युतकार तथा वेल्डर व्यवसाय प्रारम्भ किया गया था। सभी व्यवसायों का एनसीवीटी मापदण्डों के अनुसार संबद्धीकरण वर्ष 2019 में कराया जा चुका है। विभाग की योजना अनुसार संस्था में छह व्यवसाय संचालित किये जाने हैं, इसलिये आवश्यकता अनुसार नवीन भवन का निर्माण तीन व्यवासाय हेतु किया गया। नवीन आईटीआई भवन में तीन वर्कशाप, तीन थ्योरी कक्ष, एक आईटी लेब, स्टाफ रूम, लाइब्रेरी, ड्राइंग हॉल एवं शौचालय का निर्माण किया गया है। इस नवीन भवन में सैद्धान्तिक रूप से मंत्री बाला बच्चन ने दो व्यवसाय और प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में संस्था में चार व्यवसाय में 168 सीटें संचालित हैं। नवीन सत्र से दो व्यवसायों में 44 इस प्रकार अब संस्थान में 212 सीटों पर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जायेगा।

बकाया डायवर्सन शुल्क जमा न करने पर होगी कुर्की की कार्यवाही

खण्डवा। तहसीलदार पुनासा सीमा कनेश ने बताया कि पुनासा तहसील में डॉ. कमल सिंह पिता भागीरथ सेंधव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुनासा पर डायवर्सन शुल्क 6.15 लाख रू. बकाया है। इसके अलावा राजमणी बाई पति डॉ. कमल सिंह सेंधव पर 1.42 लाख, दिनेश पिता जयनारायण बाहेती पुनासा पर 3.01 लाख रू., कर्णवीर सिंह पर 69398 रू., विमलचंद पिता गेंदालाल पुनासा पर 1.62 लाख रू. डायवर्सन शुल्क का बकाया है।

रेज योर वॉइस टू बी हर्ड पर चर्चा बैठक सम्पन्न

उज्जैन। स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिकारी कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश की थीम गेदरिंग रेज योर वॉइस टू बी हर्ड एवं चर्चा बैठक का आयोजन निजी होटल उज्जैन पर सम्पन्न हुआ। जानकारी देते हुए प्रदेश प्रचारप्रसार संचालक महिपालसिंह ने बताया कि वर्तमान बदलते परिदृश्य में उत्तरजीविता एवम गुणवत्ता में वृद्धि सहित कर्मचारियो अधिकारियो की समस्याओं को संगठन के माध्यम से शासन तक पहुचाने एवम लोकतांत्रिक मूल्यों के सतत संरक्षण हेतु लगातार प्रयास करने के लिए बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारे में

वृद्धि सहित अपनी बात सब तक व सब की बात शासन तक रखने हेतु आयोजन किया गया। डिजिटलीकरण के युग मे लोकल ऑडिट की उत्तरजीविता एवम एंड्रॉइड संसार मे आवश्यक सुधार चर्चा के महत्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष समर सिंह परमार सचिव रमेश मिस्त्री उपाध्यक्ष कमल देवधरे विजय गुप्ता सहित अनेक स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त अधिकारियो कर्मचारियो की उपस्थिति में संघ की संभागीय समिति का गठन किया गया एवम उज्जैन संभाग के अध्यक्ष के रूप में निखिलेश गौर को चुना गया एवम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रेज योर वॉइस थीम पर लगातार काम करते हुए अगली चर्चा बैठक इंदौर एवम भोपाल में आयोजित किये जाने, जल्द ही संगठन की वेबसाइट बनाकर लांच करने की घोषणा की गई।

शहर सरकार आपके द्वार अभियान के शिविर स्थल

उज्जैन। शहर सरकार आपके द्वार अभियान अन्तर्गत उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा आज झोन क्र. 01 वार्ड 05 अंनत मांगलक परिसर, इंदिरानगर कॉलोनी, झोन क्र. 02 वार्ड 06 मोहन नगर शासकीय स्कूल, झोन क्र. 03 वार्ड 25 शा. शालिगराम तोमर विद्यालय, झोन क्र. 04 वार्ड 42 साईनाथ कम्युनिटीहॉल, सेठी नगर, झोन क्र. 05 वार्ड 38 शहीद पार्क, फ्रीगंज, झोन क्र. 06 वार्ड 36 शिव मंदिर के पास विवेकानंद कॉलोनी पर शिविर आयोजित होंगे।

एक वर्ष तक निर्माण कार्य लम्बित रखने वाली ग्राम पचायतों को नोटिस जारी करें

आगर-मालवा। कलेक्टर संजय कुमार ने निर्देश दिए कि सांसद, विधायक एवं अन्य निधियों से स्वीकृत निर्माण कार्य की जानकारी उपलब्ध कराएं। आगामी दिनों में गांवों का विजिट कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी जाए, घटिया निर्माण कार्य पाए जाने पर सभी संबंधित को दोषी मानते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर सोमवार को नवीन जिला पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव से सांसद विधायक निधि के स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सीईओ जनपद बड़ौद को पंचायतों में टैंकर की राशि डालने में विलम्ब करने पर कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को पंचायतवार निर्माण कार्यों की सूची देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पंचायतों के निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद भी एवं वर्ष तक लम्बित है, उन्हें नोटिस जारी करें तथा राशि निकलने के बाद भी कार्य पूरा नहीं करने वाले संरपंच-सचिव के विरूद्ध पंचायत राज अधिनियम की धारा-40 एवं धारा-92 के तहत् कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण पूरे हो, इसमें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी इंजीनियरों की है, इस हेतु कार्यों की निरन्तर चैकिंग की जाए। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न होने पर दोषी मानते हुए कार्यवाही की जाएगीं। बैठक में चारों जनपदों की ग्राम पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है, उनका पूर्णत: प्रमाण पत्र जारी कर संबंधित को हेण्डओवर करने तथा प्रचलित कार्यों का गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभिन्न निधियों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की बचत राशि जमा करवाएं तथा जो निर्माण कार्य निरस्त हुए है एवं उनकी राशि पंचायत द्वारा आहरित कर ली गई है, उनसे भी शीघ्र जमा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ, जिला योजना अधिकारी डॉ. सुनील चौहान सहित जनपद सीईओ एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव मौजूद रहे।

आयुक्त ने शिविर स्थल पर ही नामान्तरण आवेदन पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज कराया

उज्जैन। आयुक्त ऋषि गर्ग ने बुधवार को शहर सरकार आपके द्वार अभियान अन्तर्गत झोन 6 के अन्तर्गत वार्ड 36 में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया और नागरिको से चर्चा करने के साथ ही रेकार्ड भी देखे।

आयुक्त ने शिविर में तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यो और रेकार्ड की जानकारी चाही। उचित उत्तर ना दे पाने और रेकार्ड उपलब्ध नहीं कराने पर आयुक्त ऋषि गर्ग ने झोन 6 के कर्मचारी राजेश घावरी और विशाल अखण्ड का 5, 5 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये।

आयुक्त ऋषि गर्ग ने निर्देशित किया कि आयोजित होने वाले समस्त शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सम्पत्तिकर सम्बंधी सम्पूर्ण रेकार्ड साथ में रखा जाए और शिविर मे पधारने वाले नागरिकों का यथोचित मार्गदर्शन करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाए।

झोन क्रमांक 5 के निरिक्षण के दौरान आयुक्त ने भवन नामान्तरण के एक आवेदक का आवेदन स्वयं की उपस्थिति में ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराया। आपने समस्त लम्बित आवेदनों को ऑन लाईन दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया कि कल्याणी योजना एव पेंशन योजना एवं आवास योजना के प्रकरणों को लम्बित ना रखते हुए तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही झोन में प्राप्त आवेदनोंका रेकार्ड कम्प्यूटर में दर्ज कराया जाए।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:02 PM Page 4

जब तक नौकरी में थे, घर वालों का व्यवहार ठीक था, जैसे ही सेवा निवृत्त हुए घर से निकाल दिया, परेशान सेवाराम ने कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में दिया आवेदन

उज्जैन। कलेक्टर शशांक मिश्र, एडीएम आरपी तिवारी, अपर कलेक्टर क्षितिज सिंघल, बिदिशा मुखर्जी, जीएस डाबर और अन्य अधिकारियों द्वारा बृहस्पति भवन में जनसुनवाई की गई। ग्राम नलवा निवासी सेवाराम पिता नन्दाजी ने आवेदन देकर शिकायत की कि वे पीएचई विभाग में कार्यरत थे तथा वहां से सेवा निवृत्त हो चुके हैं। जब तक वे शासकीय सेवा में थे, उनके घरवालों का व्यवहार उनके प्रति ठीक था, लेकिन जैसे ही सेवा निवृत्त हुए घरवालों के व्यवहार में परिवर्तन आने लगा।

प्रार्थी को विभाग की ओर से जिस बैंक खाते में पेंशन प्रदाय की जाती है, वह प्रार्थी और उनकी पत्नी का संयुक्त खाता है। प्रार्थी की पत्नी द्वारा प्रार्थी को खाते से पेंशन की राशि निकालने नहीं दी जा रही है तथा उनके पुत्रों द्वारा उन्हें दो महीने पहले उनके स्वामित्व के घर से भी निकाल दिया गया है, जिस वजह से उन्हें दर-दर भटकने की नौबत आ गई है, अत: परिवार वालों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उज्जैन को प्रकरण में उचित कार्यवाही करने के लिये कहा।

ग्राम कनासिया तहसील तराना निवासी सुगनबाई पति रामचरण जाधव ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित उनकी कृषि भूमि पर आने-जाने के एकमात्र रास्ते को गांव के दबंग लोगों द्वारा रोक दिया गया है। मना करने पर प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। प्रार्थिया काफी समय से खेत पर कृषि कार्य हेतु नहीं जा पा रही है, जिस वजह से फसलों को बहुत नुकसान हो रहा है। इस पर एसडीओ तराना को जांच कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

ग्राम चांपानेर तहसील खाचरौद निवासी ओमप्रकाश पिता रामेश्वर ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि में बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु उन्होंने दो वर्ष पहले आवेदन दिया था, जहां से उनका प्रकरण तहसील न्यायालय में जांच हेतु भेजा गया था। उनके प्रकरण में समस्त साक्ष्य, गिरदावर रिपोर्ट, पटवारी रिपोर्ट व नायब तहसीलदार खाचरौद की अनुशंसा हो चुकी है, परन्तु आज दिनांक तक उनके प्रकरण का निराकरण नहीं हुआ है, अत: शीघ्र-अतिशीघ्र उनके प्रकरण का निराकरण करवाया जाये। इस पर एसडीओ राजस्व खाचरौद को आवश्यक कार्यवाही करने के लिये कहा गया।

ग्राम गुरला तहसील नागदा निवासी भारत पिता घीसाजी ने आवेदन दिया कि उनके पास रहने के लिये पक्का मकान नहीं है और न ही खेती करने के लिये जमीन है। उनका परिवार कच्चे मकान में निवास करता है। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकता है तो परिवार को सर छुपाने की जगह भी नहीं मिलती है। प्रार्थी मजदूरी करके अपना पालन-पोषण कर रहा है, अत: उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभ प्रदाय किया जाये। इस पर सीईओ जिला पंचायत को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

कमला नेहरू नगर सांवेर रोड निवासी मुकेश पटेल पिता लक्ष्मणसिंह ने आवेदन दिया कि वे उक्त पते पर 10 वर्ष से रह रहे हैं। उनका परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। अतिक्रमण हटाने के अन्तर्गत उनका आवास तोड़ दिया गया है, अत: उन्हें आवास योजना के अन्तर्गत अन्यत्र भूखण्ड अथवा आवास उपलब्ध करवाया जाये। इस पर आयुक्त नगर पालिक निगम को आवेदक की पात्रता अनुसार और नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

माधव नगर निवासी शंकरलाल रायकवार ने आवेदन दिया कि उन्होंने एक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित से सन 1994 में दो भूखण्ड क्रय किये थे, परन्तु आज तक उन्हें भूखण्ड पर कब्जा नहीं दिया गया है, जबकि उनके द्वारा भूखण्ड की सम्पूर्ण राशि अदा कर दी गई है और अनुबंध-पत्र भी सम्पादित किया जा चुका है। कलेक्टर ने इस पर डीआरसीएस को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के लिये कहा। इसी प्रकार अन्य मामलों में जनसुनवाई की गई।

कपिलधारा कूप में गंभीर लापरवाही

खरगौन। कपिलधारा कूप स्वीकृत होने के पश्चात पूर्ण नहीं करने पर संबंधित उपयंत्री भूपेष कोष्ठा, सचिव संजीव बोर व रोजगार सहायक पवन खांडे का 7 दिनों का मानदेय कटौत्रा किया गया है। यह कार्यवाही भीकनगांव जनपद पंचायत सीईओ द्वारा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देशों पर की गई। भीकनगांव में ग्राम पंचायत एकतासा में सावित्रीबाई रूपसिंह को वर्ष 2011-12 में कपिलधारा कूप स्वीकृत किया गया था। स्वीकृत कूप ग्राम पंचायत को ही बनाना था। कार्य तो प्रारंभ कर दिया, लेकिन पूर्ण नहीं कराया गया। बार-बार निवेदन और पत्र लिखने के बावजूद भी पंचायत सचिव, उपयंत्री व रोजगार सहायक ने कार्य में लापरवाही बरती।

शिव नवरात्रि के दौरान आगन्तुक प्रोटोकॉल एवं रूपये 1500 की रसीदधारी के गर्भगृह प्रवेश के समय में परिवर्तन

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में 21 फरवरी को महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जावेगा। जिसके नौ दिवस पूर्व 13 फरवरी से 20 फरवरी तक शिवनवरात्रि उत्सव मनाया जावेगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासनिक कार्यालय में मंगलवार को शिवनवरात्रि व महाशिवरात्रि के दौरान श्री महाकालेश्वर भगवान की दर्शन व्यवस्था के संबंध में प्रशासक रावत द्वारा आवश्यक निर्देश दिये।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एस.एस. रावत ने बताया किए 13 फरवरी से 20 फरवरी तक प्रतिदिन श्री महाकालेश्वर भगवान के गर्भगृह में प्रात: 9 से दोपहर 01 बजे तक श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी - पुरोहितों द्वारा अभिषेक.पूजन किया जावेगा। इसलिए आगन्तुक प्रोटोकॉल एवं रूपये 1500 की रसीदधारी श्रद्धालु दोपहर 01 से 02 बजे तक गर्भगृह में पूजन.अभिषेक कर सकेगे। इसी प्रकार 21 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर प्रात: 08:15 से 10: 15 बजे तक तथा दोपहर 02 से 03: 15 तक गर्भगृह में पूजन कर सकेगें इसके अतिरिक्त दर्शन व्यवस्था के संबंध में परिस्थिति अनुसार तात्कालिक निर्णय लिया जा सकेगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अधीन कार्यरत समस्त पुजारी-पुजारी प्रतिनिधि, पुरोहित-पुरोहित प्रतिनिधि जिनका नाम मंदिर अभिलेखों में अधिकृत पुजारी, अधिकृत पुरोहितए, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में दर्ज है, वे स्वयं ही निर्धारित समय सीमा में अपने यजमानों का पूजन-अर्चन करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका नाम मंदिर अभिलेखों में अधिकृत पुजारी, अधिकृत पुरोहित, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में दर्ज नहीं है, वे संपूर्ण मंदिर परिसर में अनाधिकृत रूप से पूजन, अभिषेक इत्यादि नहीं करा सकेंगे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि एवं महाशिवरात्रि पर्व के दौरान होने वाली समस्त व्यवस्थाये श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के माध्यम से की जाती है। इस दौरान होने वाली पूजन, श्रृंगार, भोग आदि में लगने वाली सामग्री मंदिर प्रबंध समिति ही उपलब्ध कराती हैं। जिसमें दानदाता का सहयोग सम्मिलित नही रहता है।

कन्नौद-सतवास व पुनासा मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

खण्डवा। कलेक्टर तन्वी सुन्द्रियाल ने कन्नौद- सतवास- पुनासा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जारी किए गए है। जारी आदेश के अनुसार इस मार्ग पर हाई लेवल ब्रिज के लोड को नियंत्रण करने हेतु उपयुक्त स्थानों पर एन.एच.डी.सी. द्वारा बैरियर लगाया जायेगा, जिससे भारी वाहनों के आवागमन को रोका जा सकेगा। इसी प्रकार मार्ग के दोनो ओर उपयुक्त स्थानों पर एन.एच.डी.सी. द्वारा संकेत बोर्ड लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम समिति की बैठक ली

उज्जैन। सोमवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शशांक मिश्र ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम समिति की बैठक ली। बैठक में पावर पाइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से भारतीय तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम, तम्बाकू नियंत्रण कानून की जरूरत, कानून बनाने का इतिहास, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद, विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन और वितरण का विनियमन अधिनियम-2003 के अन्तर्गत धारा-1, धारा-3, धाराम-25, धारा-29, धारा-4, धारा-6 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में तम्बाकू सेवन और परोक्ष धुम्रपान में भारत और मध्य प्रदेश की स्थिति के बारे में बताया गया कि भारत में किसी न किसी रूप में तम्बाकू का उपयोग करने वाले वयस्कों का प्रतिशत 34.6 है, वहीं मध्य प्रदेश में 39.5 है। इसी प्रकार धुम्रपान करने वालों का भारत में प्रतिशत 14, वहीं मध्य प्रदेश में 16.9 है। इसी प्रकार घरों में परोक्ष धुम्रपान से प्रभावित होने वाले वयस्कों का प्रतिशत भारत में 52.3, वहीं मध्य प्रदेश में 70.5 है। मध्य प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धुम्रपान से प्रभावित होने वाले लोग 40 प्रतिशत हैं।

बैठक में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा-4 के अनुसार सभी सार्वजनिक स्थानों के बारे में बताया गया, जहां धुम्रपान पूर्णत: निषेध किया गया है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने पर 200 रुपये के जुर्माने के प्रावधान के बारे में बताया गया। कलेक्टर ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत सम्बन्धित विभागों की जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ट्रेनिंग करवाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

कोरोना वायरस के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

कलेक्टर की मौजूदगी में सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इसमें पावर पाइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से कोरोना वायरस, इसके लक्षण, इसके बचाव, इसकी पहचान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जय किसान फसल ऋण माफी योजना में सैलाना, रावटी, बाजना के 2800 किसान द्वितीय चरण में लाभान्वित होंगे

रतलाम। जिले के सैलाना रावटी तथा बाजना क्षेत्रों के 2802 किसानों को आगामी 13 फरवरी को जय किसान फसल ऋण माफी योजना के दूसरे चरण के तहत ऋण माफी लाभ मिलने वाला है। इसी तरह ताल तहसील के 2267 किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसके लिए ताल तथा सैलाना दोनों स्थानों पर जिले के प्रभारी मंत्री सचिन यादव की उपस्थिति में वृहद कार्यक्रम 13 फरवरी को आयोजित होगा। यह जानकारी सोमवार को संपन्न समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दी गई। कलेक्टर रुचिका चौहान ने योजना के द्वितीय चरण के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, उद्यानिकी, नगरिय निकाय विभागों को निर्देशित किया कि उनके यहां 100 दिवस से ज्यादा अवधी की लंबित शिकायतें अधिक हो गई हैं, तत्काल निराकरण करें। जिले में जारी बीपीएल परिवार सत्यापन अभियान की समीक्षा में जनपद बाजना तथा सैलाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश उपायुक्त सहकारिता तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए गए। जिले में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चना, सरसों तथा मसूर के लिए भी कृषक पंजीयन आरंभ हो चुके हैं। पंजीयन कार्य उन्हीं केंद्रों पर होगा जहां गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन किए जा रहे हैं।

कलेक्टर द्वारा जय किसान फसल ऋण माफी योजना के तहत दूसरे चरण में लाभान्वित किए जा रहे किसानों की सूची आगामी दो दिवस में ग्राम पंचायतों में चस्पा करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में जिले से 26 फरवरी को वैष्णो देवी के लिए यात्रा जाएगी, इसमें जिले के 200 तीर्थयात्री सम्मिलित होंगे। यात्रा का लाभ लेने के लिए आवेदन 20 फरवरी तक लिए जा रहे हैं। कलेक्टर द्वारा यात्रा में वृद्धाश्रम रतलाम के वृद्धजनों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक गांव में नल द्वारा घरों में पेयजल उपलब्ध कराएं जाने के लिए कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि इसकी पूर्व कार्य योजना तैयार करें, बताया जाए कि जिले के कितने ऐसे गांव हैं जहां नलों के द्वारा घरों में पेयजल प्राप्त नहीं हो रहा है। नगर निगम आयुक्त को भी शहर में वार्डवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

मंत्री राजपूत का दौरा कार्यक्रम

शाजापुर। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत आज शाम भोपाल से ओरछा के लिए रवाना होंगे। ओरछा में 13 फरवरी को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर रात्रि में शिवपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। शिवपुरी में 14 फरवरी को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर कोलारस के लिए रवाना होंगे। श्री राजपूत कोलारस में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे अशोकनगर होते हुए देर रात भोपाल पहुँचेंगे। श्री राजपूत 15 फरवरी को जबलपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात सागर पहुँचेंगे।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:03 PM Page 5

विक्रम कीर्ति मंदिर में दिव्यांग परिचय सम्मेलन आयोजित

रंग लाई जिला प्रशासन की मुहिम, अन्तरराज्यीय परिचय सम्मेलन में बढ़ - चढ़कर दिव्यांगजनों ने लिया हिस्सा

देश के कोने-कोने से आये दिव्यांगजनों ने मंच से दिया परिचय, सही मायनों में हमारा पूरक बने ऐसा हो जीवनसाथी

उज्जैन। कलेक्टर शशांक मिश्रा ने बुधवार को विक्रम कीर्ति मन्दिर में दीप प्रज्वलन कर दिव्यांग परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। कलेक्टर ने कहा कि परिचय सम्मेलन के बाद बनने वाले जोड़ों का विवाह मार्च माह में आयोजित किया जाएगा। परिचय सम्मेलन के अवसर पर दिव्यांग विवाह कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि आगामी मार्च माह में दिव्यांगों का सामूहिक विवाह आयोजित होगा तथा इसमें सभी धर्मों के जोड़ों को शामिल किया जायेगा एवं उनके रीति-रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से एक दिव्यांग तथा किसी एक के सामान्य और दूसरे के अनुसूचित जाति वर्ग के होने पर चार लाख 98 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है, जो कि जीवन यापन की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसी तरह वर एवं वधू में से यदि एक दिव्यांग है एवं एक सामान्य वर्ग का व एक अनुसूचित जाति वर्ग का है तो जोड़े को तीन लाख 98 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसी तरह वर वधू दोनों के दिव्यांग होने पर एक लाख 48 हजार रुपये, वर वधू में से एक दिव्यांग एवं एक सामान्य होने पर दो लाख 48 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में 2 लाख से अधिक की वस्तुएं दान में प्राप्त

उज्जैन। महाराष्ट्र पुणे निवासी डॉ. सागर साराध्य कोलते ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में अपने गुरू की प्रेरणा से 05 किलो 800 ग्राम चॉदी की पगडी, 488 ग्राम चॉदी का कलश व 32 ग्राम चॉदी का नंदादीप (दीपक) श्री महाकालेश्वर भगवान को भेट की। सभी वस्तुओं की अनुमानित लागत रूपये 2 लाख 62 हजार 477 है। दानदाता द्वारा श्री गर्भगृह में श्री महाकालेश्वर भगवान का पूजन व अभिषेक कर को श्री

महाकालेश्वर भगवान को अर्पित किया। उसके पश्चात मंदिर के नंदी मंडपम में अधीक्षक श्री पी.एन.उदैनिया को सौंपा। दानदाता को सभी वस्तुओं की विधिवत रसीद प्रदान की गई।

विधायक मालवीय ने 43 लोगों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की

उज्जैन। विधायक रामलाल मालवीय ने घट्टिया विधानसभा क्षेत्र के 43 आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को कुल एक लाख 95 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इस हेतु उन्होंने विधायक स्वेच्छानुदान मद से एक लाख 95 हजार रुपये जारी किये हैं। प्रत्येक हितग्राही को पांच-पांच हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

संविदा मेडिकल आफिसर के चयन हेतु जिला स्तर पर वाकइन इंटरव्यू

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनुसूया गवली सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन शहर में अतिशीघ्र संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ किये जाने है। संजीवनी क्लीनिक हेतु संविदा मेडिकल आफिसर का चयन वाकइन इंटरव्यू के माध्यम से जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जाना है। संविदा मानव संसाधन मैनुअल के प्रावधानों के अनुरूप संविदा आधार पर मासिक बेस 25 हजार रुपये के मान से प्रतिमाह 25 ओ.पी.डी.प्रतिदिन तथा प्रतिदिन 25 ओ.पी.डी. देखने के उपरांत 40 रुपये प्रति ओ.पी.डी. के मान से अधिकतम 75 हजार रुपये प्रतिमाह दी जायेगी। संविदा मेडिकल आफिसर को संजीवनी क्लीनिक में आने वाले समस्त मरीजों की एन्ट्री संविदा मेडिकल आफिसर द्वारा टेबलेट पर संधारित की जायेगी। मेडिकल आफिसर को टेबलेट चलाने का ज्ञान आवश्यक है। अत: इच्छुक एम.बी.बी.एस. डिग्रीधारी मेडिकल आफिसर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन मे प्रात: 10.30 से सायं 05.30 बजे तक आवेदन समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते है।

पेवर ब्लाक हेतु सांसद ने पांच लाख रुपये स्वीकृत किये

उज्जैन। सांसद अनिल फिरोजिया ने घट्टिया जनपद के ग्राम किठोदा जागीर में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पेवर ब्लाक लगाने के लिये सांसद निधि से पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत कार्य की क्रियान्वयन एजेन्सी जनपद पंचायत घट्टिया को बनाया गया है।

विधायक निधि से 5 लाख के कार्य स्वीकृत किये

उज्जैन। तराना विधायक महेश परमार ने विधायक निधि से तराना विधानसभा क्षेत्र के दो गांवों में सीमेन्ट-कांक्रीट सड़क मंजूर की है। इस हेतु उन्होंने कुल पांच लाख रुपये की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की है। विधायक ने ग्राम तिलावद में सीमेन्ट-कांक्रीट रोड हेतु दो लाख तथा ग्राम खारपा में सीमेन्ट-कांक्रीट रोड हेतु तीन लाख रुपये स्वीकृत किये हैं।

"अभिषेक जल" को "मिनरल वाटर" में परिवर्तित करेंगे

आयुक्त ऋषि गर्ग ने विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा

उज्जैन। महाकाल मंदिर में चढ़ाए जाने वाले जल, दूध, दही, को तथा मन्दिर परिसर में विभिन्न पाईप लाईनो से आने वाले पानी को उपयोगी मिनरल वाटर मे परिवर्तित किये जाने की योजना के सम्बंध में तत्काल प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

यह निर्देश आयुक्त ऋषि गर्ग ने दिये हैं। महाकाल मन्दिर परिसर का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने उन लाईनो को देखा जहां से पानी बाहर आता है तथा अभिषेक जल के सम्बंध में भी मन्दिर व्यवस्था से सम्बन्धित व्यक्तियों एवं डी.डी. बिल्डर्स के यंत्री दुष्यंत दुबे से चर्चा की। आयुक्त ने निर्देशित किया कि अभिषेक जल, दूध इत्यादि को मिनरल वाटर में परिवर्तित किये जाने सम्बंधी योजना के सम्बंध में शीघ्र प्रस्ताव दें ताकि इस पर विचार कर मन्दिर समिति से परामर्श कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

सीवरेज लाईन निरीक्षण

आयुक्त ऋषि गर्ग सीवरेज लाईन कार्य योजना का स्थल निरीक्षण करते हुए लालपुल, नृसिंहघाट, कर्कराज, रामघाट, हरसिद्धी, महाकाल मन्दिर एवं आस पास के क्षैत्रों का सीवरेज लाईन की दृष्टि से निरीक्षण किया। आपने निर्देशित किया कि लालपुल ब्रिज के नीचे से सीवरेज लाईन का कार्य आरंभ करने से पूर्व रेल्वे से सम्पर्क कर उनकी सहमति प्राप्त करें। इसी के साथ ही क्षिप्रा नदी से लगे क्षैत्रों में सीवरेज कार्य में इस बात का ख्याल रखा जाए कि क्षिप्रा तट/घाट क्षैत्र प्रभावित ना हो।

समूचित सफाई एवं निर्माल्य कुण्ड का उपयोग

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ऋषि गर्ग ने निर्देशित किया कि रामघाट क्षैत्र की समूचित सफाई सुनिश्चित की जाए। निर्माल्य कुण्डों को दो भागों में विभक्त किया जाए उनमें से एक भाग में निर्माल्य सामग्री तथा दूसरे भाग में कपड़े डाले जाने हेतु श्रद्धालुओं को प्रेरित करें।

महाशिवरात्रि पर्व व्यवस्था

आयुक्त ऋषि गर्ग ने महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत महाकाल मन्दिर एवं आस पास के क्षैत्रों का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों से स्थल पर ही चर्चा करते हुए निगम से सम्बंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया आपने श्रद्धालुओं के लिये पर्याप्त पेयजल व्यवस्था हेतु स्थल निर्धारित कर टेंकर, टंकी एवं वाटर केन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। आपने कहा कि टेंकरों और वाटर केन को बार बार चेंज किये जाने या पुन: भरे जाने की आवश्यकता होती है इस हेतु पूरी तैयारी रखी जाए।

प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में आयुक्त श्री ऋषि गर्ग ने निर्देशित किया कि महाकाल मन्दिर के आस-पास के सम्पूर्ण क्षैत्र तथा पहुंच मार्गों की प्रकाश व्यवस्था को निरन्तर चेक किया जाए उसका संधारण सुनिश्चित किया जाए। जहां आवश्यक हो अस्थाई प्रकाश व्यवस्था कराई जाए।

सफाई व्यवस्था के लिये अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया जा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई व्यवस्था निरन्तर जारी रहे तथा कचरा निर्धारित वाहनों के माध्यम से पहुंचाया जाता रहे। किसी भी स्थिति में कही कचरा सड़क पर दिखाई ना दे यह ध्यान रहे।

महापौर ने शिवरात्री व्यवस्था हेतु बैठक ली

उज्जैन। महापौर मीना जोनवाल ने महाशिवरात्री पर्व पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा हेतु एक आवश्यक बैठक में अधिकारीयों से समीक्षात्मक जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। महापौर मीना जोनवाल ने निर्देशित किया कि महाकाल मन्दिर एवं आस पा के क्षैत्रों में पधारने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के क्रम में आवश्यक कार्यवाही की जाए। विशेषकर पथ प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सफाई व्यवस्था के सम्बंध में विशेष सतर्कता के साथ कार्य किया जए और इन मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो यह सुनिश्चित किय जाए।

मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस का कोई प्रकरण नहीं

मन्दसौर। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोवेल कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय जन-स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश में यद्यपि कोरोना वायरस का कोई प्रकरण नहीं पाया गया है, तथापि डब्लूएचओ की सलाह अनुसार प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री कमल नाथ एवं लोक परिवार कल्याण स्वास्थ्य मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश की जनता से कोरोना वायरस से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित सभी को इसके बचाव एवं सावधानी के बारे में सभी आवश्यक उपाय तुरंत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना वायरस बीमारी संबंधी जानकारी/सूचना आदि के लिए राज्य स्तर पर कॉल सेन्टर 104 स्थापित किया गया है। कॉल सेंटर में 30 ऑपरेटर्स कार्यरत हैं। सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रदेश में चीन से आने वाले यात्रिओं की एयर पोर्ट पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। एयर पोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय विमानों से आने वाले यात्रियों से स्व-घोषणा-पत्र भी भरवाए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय की सूचना पर चीन से आने वाले यात्रियों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 2 से 6 बिस्तरीय तक तथा सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में 10-10 बिस्तरीय आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। टर्शिअरी केअर के लिए निजी चिकित्सालयों की सेवाएँ भी ली जाएंगी। एम्स तथा डिकल कॉलेज में राज्य-स्तरीय नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिला सर्विलेन्स अधिकारी एवं जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रदेश में चीन एवं प्रभावित देशों से आए यात्रियों की पहचान के लिए होटल एसोसिएशन एवं पर्यटन विभाग से समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। होटल में रुके यात्रियों की भी पहचान की जा रही है।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:03 PM Page 6

डेब्यू फिल्म में बोल्ड सीन्स के लिए हिना खान ने किया था कुछ ऐसा

टीवी स्टार से अब बॉलीवुड एक्ट्रेस बन चुकीं हिना खान इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म हैक्ड से तारीफें पा रही हैं।

टीवी स्टार से अब बॉलीवुड एक्ट्रेस बन चुकीं हिना खान इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म हैक्ड की रिलीज के बाद से ही तारीफें बटोरी रही हैं। वह अपने लुक्स और अपने जबदस्त अंदाज से सोशल मीडिया पर तो सुपरस्टार हैं ही। लेकिन अब हिना खान फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर भी हॉटनेस का तड़का लगा रही हैं। जी हां! इस फिल्म हैक्ड में कई बोल्ड सीन्स भी दिए हैं। अपने इन बोल्ड सीन्स के बारे में हिना खान ने खुलकर बात की है। कई सालों तक टीवी स्क्रीन से घर-घर में अपनी पहचान बनाने या कहा जाए तो लोगों दिलों में अपनी जगह बनाने वालीं हिना खान की एक्टिंग को लोग काफी सराह रहे हैं। लेकिन इस फिल्म में सामने आए बोल्ड सीन्स को लेकर हिना खान ने बताया कि उन्होंने इनके लिए खुद को कैसे तैयार किया था। हमारी सहयोगी वेबसाइट बॉलीवुडलाइफ डॉट कॉम को दिए इंटरव्यू में हिना खान ने कहा, मैं थोड़ी हैरान थी। रोहन शाह ने मुझसे ज्यादा काम किया है, इसलिए उसके लिए ये सामान्य था। बोल्ड स्क्रिप्ट जानकर पहले मैंने अपने कदम पीछे कर लिए थे। लेकिन कहीं ना कहीं मै रेडी भी थी, क्योंकि जब मैंने इस इंडस्ट्री में कदम रखा था, तो मुझे पता था कि आज के टाइम में बोल्ड सीन बहुत आम बात है। इसके आगे हिना खान ने कहा, हम जब रियलिस्टिक सिनेमा की बात करते हैं, तो एक्टिंग का कोई स्कोप नहीं होता है। आपको ये दिखाना होता है कि एक कपल के बीच क्या होता है। मुझे खुद को इसके लिए तैयार करना पड़ा था, मेरे लिए ये आसान नहीं था।

पहली बार ऋतिक की इस हिरोइन के साथ बनेगी सलमान खान की जोड़ी !

बॉलीवुड के दबंग सलमान खान ने हाल ही में अपने फैंस को एक जबरदस्त सप्राइज दिया था। यह सरप्राइज था उनकी आगामी फिल्म कभी ईद कभी दिवाली का ऐलान।

बॉलीवुड के दबंग सलमान खान ने हाल ही में अपने फैंस को एक जबरदस्त सप्राइज दिया था। यह सरप्राइज था उनकी आगामी फिल्म कभी ईद कभी दिवाली का ऐलान। जिसके बाद से लगातार सलमान के फैंस इस फिल्म को लेकर अपडेट्स की तलाश में रहते हैं। तो हम आपको बता दें कि अब इस फिल्म में सलमान खान के साथ पूजा हेगड़े की जोड़ी बनने जा रही है। अब तक इस फिल्म में एक्ट्रेस को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। वहीं अब फिल्म की लीड एक्ट्रेस को लेकर पर्दा उठ गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर और स्क्रिप्ट राइटर साजिद नाडियाडवाला ने खुद इस राज को खोल दिया है। साजिद ने बताया है कि रितिक रोशन के ऑपोजिट मोहनजो दारो से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े पहली बार सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। हमारी सहयोगी वेबसाइट बॉलीवुड लाइफ डॉट कॉम में प्रकाशित खबर के अनुसार साजिद ने एक इंटरव्यू में कहा, हाल में हाउसफुल 4 में पूजा के साथ काम करने के बाद हमें महसूस हुआ कि इस फिल्म के लिए वह परफेक्ट हैं। उनका स्क्रीन प्रजेंस गजब का है और सलमान के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी। यह जोड़ी कहानी में फ्रेशनेस लाएगी। ऐलान के साथ ही खबर आई थी कि यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म होगी जिसका निर्देशन फरहद सामजी करने वाले हैं। फिल्म ईद 2021 पर रिलीज होगी।

फिल्म सत्यमेव जयते 2 में 3 किरदारों में नजर आएंगे जॉन अब्राहम ?

हाल ही में फिल्म सत्यमेव जयते 2 में जॉन अब्राहम के किरदारों को लेकर कुछ खबरें सामने आईं। जिसमें यह दावा किया गया कि फिल्म में जॉन 3 किरदार निभाएंगे।

बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम के फैंस को उनकी आगामी फिल्म सत्यमेव जयते 2 का बेसब्री से इंतजार है। वहीं बीते दिनों इस फिल्म को लेकर कुछ दिनों से कई बातें सामने आ रही हैं। हाल ही में इस फिल्म में जॉन अब्राहम के किरदारों को लेकर कुछ खबरें सामने आईं। जिसमें यह दावा किया गया कि फिल्म में जॉन 3 किरदार निभाएंगे। लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं इस खबर का पूरा सच।

तीन भूमिकाएं होने की अफवाह पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। हाल ही में इस अफवाह ने जोर पकड़ा था कि मिलाप जावेरी निर्देशित फिल्म में एक्शन स्टार तीन अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगे, लेकिन अब लग रहा है कि इस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हुई है, जो अफवाह के अलावा कुछ नहीं।

जॉन के अनुसार, सत्यमेव जयते 2 साल 2018 में रिलीज हुई उनकी पहली फिल्म के मुकाबले एकदम अलग होगी। एक साक्षात्कार में अभिनेता ने कहा, पहली फिल्म साधारण तौर पर आम जनता के लिए थी। इस बार हमने इसमें एक वर्ग के साथ ही प्रासंगिक मुद्दों को भी फिल्म में दिखाने की कोशिश की है।

रिपोर्ट के अनुसार, वहीं तीन भूमिकाओं के अफवाह पर उन्होंने कहा, मिलाप अभी भी कुछ किरदारों पर काम कर रहे हैं और वह मुझे अन्य



भूमिकाएं निभाने के लिए पसंद कर सकते हैं। लेकिन अभी इस पर काफी चर्चा होनी बाकी है। इसलिए मैं यह नहीं कह सकता कि फिल्म में भूमिका एक होगी, दो होगी या तीन होगी। सत्यमेव जयते 2 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।

आयुष्मान और बप्पी दा की जोड़ी ने मचाई धूम, रिलीज हुआ अरे प्यार कर ले सॉन्ग

आयुष्मान खुराना के जबरदस्त डिस्को सॉन्ग अरे प्यार कर ले ने रिलीज के साथ ही यूट्यूब पर जमकर धूम मचा दी है।

बॉलीवुड सुपरस्टार आयुष्मान खुराना की आगामी फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान का नया गाया अरे प्यार कर ले रिलीज हो चुका है। इस जबरदस्त डिस्को सॉन्ग ने रिलीज के साथ ही यूट्यूब पर जमकर धूम मचा दी है। इस गाने में आयुष्मान नोजरिंग में काफी स्टनिंग नजर आ रहे हैं। इस जबरदस्त सॉन्ग अरे प्यार कर ले को ओरिजनल सॉन्ग यार बिना चैन कहा रे के सिंगर बप्पी लाहिड़ी ने अपनी आवाज दी है साथ ही फिल्म के लीड एक्टर आयुष्मान खुराना ने भी उनका साथ दिया है। इस गाने को रिक्रिएट तनिष्क बागची ने किया है। गाने में रैप वाले हिस्से को इक्का ने लिखा और गाया है। फिल्म को हितेश केवल्या ने इसे लिखा और निर्देशित किया है। आनंद एल राय के यलो प्रोड्क्शंस और भूषण कुमार के टी-सीरीज द्वारा संयुक्त रूप से इसका निर्माण किया है। यह फिल्म 21 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में नीना गुप्ता, गजराज राव और मानवी गागरू भी महत्वपूर्ण किरदारों में हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में आयुष्मान एक गे के रोल में हैं। ट्रेलर की शुरुआत में आयुष्मान से एक शख्स पूछता है कि आपने कब डिसाइड किया कि गे बनेंगे। इसका उन्हें मजेदार जवाब मिलता है। जितेंद्र और आयुष्मान दोनों अपने प्यार की लड़ाई परिवारवालों से लड़ते दिख हैं। ट्रेलर में आयुष्मान और जितेंद्र लिपलॉक करते भी दिखते हैं। नीना गुप्ता और गजराज अपने बेटे को सुधारने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन दोनों लड़के मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रेलर में डायलॉग भी मजेदार हैं। बैकग्राउंड में प्यार बिना चैन कहां रे।।। बज रहा है, जो सुखद अनुभव दे रहा है। यह फिल्म 21 फरवरी 2020 को रिलीज होगी।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:03 PM Page 7

न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत, क्लीन स्वीप का बदला लिया

नई दिल्ली। मेजबान न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरा मैच जीत लिया है। उसने भारत को तीसरे वनडे मैच में 5 विकेट से हराया। इसके साथ ही उसने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड को टी20 सीरीज में 5-0 से शिकस्त दी थी। अब न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज जीतकर भारत से हिसाब बराबर कर लिया है। भारतीय टीम 2014 के बाद पहली किसी वनडे सीरीज में सारे मैच हारी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे मैच मंगलवार को माउंट माउंगनुई में खेला गया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बैटिंग करने को कहा। भारतीय टीम ने केएल राहुल के शतक की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट पर 296 रन बनाए। केएल राहुल ने पांचवें नंबर पर बैटिंग करते हुए 112 रन बनाए। हालांकि, उनकी यह पारी भी भारत की हार नहीं टाल सकी।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। उसने महज 62 रन बनने तक ओपनर मयंक अग्रवाल (3), पृथ्वी शॉ (40) और कप्तान विराट कोहली (9) के विकेट गंवा दिए। चौथे नंबर पर बैटिंग करने आए श्रेयस अय्यर (62) और केएल राहुल ने 100 रन की साझेदारी कर पारी संभाली। अय्यर के आउट होने के बाद राहुल और मनीष पांडे (42) ने टीम को आगे बढ़ाया। राहुल और मनीष पांडे दोनों ही तेजी से रन बनाने की कोशिश में आउट हुए। रवींद्र जडेजा और नवदीप सैनी आठ-आठ रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड की ओर से हैमिश बेनेट ने सबसे अधिक चार विकेट झटके। काइल जैमिसन और जिमी नीशम को एक-एक विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने भारत के 296 रन के जवाब में 47.1 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसकी ओर से ओपनर हेनरी निकोल्स, मार्टिन गप्टिल और कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने शानदार भूमिका निभाई। मार्टिन गप्टिल (66) ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी जमाई। हेनरी निकोल्स (80) ने भी सीरीज में दूसरी बार अर्धशतक जमाया। ग्रैंडहोम ने महज 21 गेंद पर अर्धशतक ठोक दिया। भारत की ओर से युजवेंद्र चहल ने सबसे अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने तीन विकेट झटके।

न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दोनों भारतीय बाहर, अब होगा असली 'टेस्ट'

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दिलचस्प क्रिकेट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दो पड़ाव पूरे हो चुके हैं और तीसरा बस आने ही वाला है। भारत ने सीरीज की शुरुआत 5-0 से की। उसने टी20 सीरीज के पांचों मैच जीत लिए। मेजबानों को यह नागवार गुजरा। उन्होंने इस शर्मनाक हार का बदला वनडे सीरीज में लिया। न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज 3-0 से जीती। अब दोनों टीमों के बीच 21 फरवरी से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे और टी20 सीरीज में रोमांचक मुकाबले के बाद टेस्ट सीरीज के लिए उत्सुकता बढ़ गई है। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने अपनी टेस्ट टीम में उन्हीं दो बल्लेबाजों को शामिल नहीं किया है, जो वनडे-टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा सफल रहे। ये दोनों खिलाड़ी केएल राहुल और श्रेयस अय्यर हैं।

केएल राहुल यानी लोकेश राहुल ने भारत-न्यूजीलैंड सीरीज में कुल 8 मैच खेले और इनमें 428 रन बनाए हैं। अय्यर ने इतने ही मैचों में 370 रन बनाए। यह संयोग ही है कि न्यूजीलैंड दौरे पर सिर्फ यही दो खिलाड़ी रहे, जिन्होंने शतक लगाए।

लोकेश राहुल ने न्यूजीलैंड दौरे पर पांच टी20 मैच खेले और इनमें 224 रन बनाए। वे टी20 सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। श्रेयस अय्यर 153 रनों के साथ सीरीज में दूसरे सबसे कामयाब भारतीय रहे।

वनडे सीरीज में भी राहुल और अय्यर भी सबसे कामयाब भारतीय रहे। हालांकि, इनकी आपस में रैंकिंग बदल गई। श्रेयस अय्यर ने वनडे सीरीज में सबसे अधिक 217 रन बनाए। केएल राहुल (204) दूसरे नंबर पर रहे। वनडे सीरीज में इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 200 की रनसंख्या पार नहीं कर सका।

भारतीय टेस्ट टीम - विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, पृथ्वी शॉ, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, ईशांत शर्मा, उमेश यादव।

युवी ने जताई भारत-पाक सीरीज होने की ख्वाहिश, अफरीदी ने समर्थन दिया

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले 7 साल से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी का कहना है कि दोनों देशों के बीच मैच होना खेल के लिए बेहतर होगा। अफरीदी ने कहा कि यह एशेज से भी बड़ी सीरीज होगी।

दोनों ही खिलाड़ी दोनों देशों के बीच हो चुकी द्वपक्षीय सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। दोनों इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं लेकिन दोनों अब भी दुनिया की टी20 लीग्स में खेलते हैं।

युवराज ने कहा, मुझे याद है मैंने 2004, 2006 और 2008 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। इन दिनों दोनों के बीच खेल नहीं हो रहा है, लेकिन चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं। हम क्रिकेट खेल से अपने प्यार के लिए खेलते हैं। हम खुद यह चुनाव नहीं कर सकते कि किस देश के साथ खेलें किसके साथ नहीं। लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि भारत-पाक के बीच ज्यादा क्रिकेट होने से यह खेल के लिए बेहतर होगा।

वहीं अफरीदी का इस मामले में कहना था, मुझे लगता है कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच सीरीज हुई, तो वह एशेज से भी बड़ी होगी। हालांकि हमें नहीं लगता कि ऐसा होगा। हम हमारे लोगों के इस खेल के प्रति प्यार और उनकी साथ आने की भावनाओं में राजनीति घुसा रहे हैं। अफरीदी ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हमें कुछ चीजों को पीछे छोड़ने की जरूरत है और इंडिया को भी। हमें एक साथ बैठ तक बातचीत करनी होगी।

दोनों टीमों ने साल 2013 से कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। दोनों ने पिछली बार टेस्ट सीरीज 2008 में खेली थी।

क्रिकेट सट्टेबाज संजीव चावला लंदन से लाया जाएगा भारत

संजीव चावला एक मैच फिक्सिंग रैकेट में शामिल था, जिसका पर्दाफाश दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2000 में किया था।

लंदन/नई दिल्ली। क्रिकेट सट्टेबाजी के सरगना संजीव चावला को बुधवार के दिन भारत प्रत्यर्पित किया गया है। उसे गुरुवार को लंदन से दिल्ली लाया जाएगा। संजीव चावला कथित तौर पर एक मैच फिक्सिंग रैकेट में शामिल था, जिसका पर्दाफाश दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2000 में किया था।

डी-कंपनी के लिए 1990 के दशक में प्रमुख सट्टेबाज बना लंदन निवासी बिजनेसमैन संजीव चावला इंग्लैंड से 1992 में भारत से हुई प्रत्यर्पण संधि के बाद इसके तहत भारत लाया जाने वाला दूसरा व्यक्ति होगा।

गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचेगा

सूत्रों ने कहा कि चावला एयर इंडिया के विमान से गुरुवार तड़के नई दिल्ली पहुंच सकता है। चावला को हिरासत में लेने के लिए दिल्ली पुलिस के उपायुक्त (अपराध) राम गोपाल नाइक अपनी टीम के साथ लंदन में हैं और गृह विभाग के आदेश का इंतजार कर रहे थे।

डी-कंपनी के धन को सुरक्षित ठिकाने लगाया

सूत्रों ने कहा कि चावला ने मुंबई के उद्योगपतियों और डी-कंपनी के संचालकों के संरक्षण में 90 के दशक के अंतिम पड़ाव के सबसे बड़े सट्टेबाजी गिरोहों में से एक गिरोह का संचालन किया था। जहां चावला ने दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और अन्य देशों के शीर्ष क्रिकेटरों के माध्यम से मैच फिक्स किए, वहीं डी-कंपनी ने उस धन को अंतर्राष्ट्रीय हवाला के माध्यम से सुरक्षित ठिकाने पर लगाना सुनिश्चित किया।

कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे

साल 2000 में खेल जगत को हिला कर रख देने वाले मैच फिक्सिंग कांड के समय दिल्ली पुलिस के आयुक्त रहे अजय राज शर्मा ने कहा, चावला को 19 साल बाद भारत लाया जा रहा है तो दिल्ली में उससे पूछताछ में क्रिकेट जगत के कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे।

अजहरुद्दीन पर लगा था बैन

तब शर्मा की निगरानी में ही जांच हुई थी, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोनिए और उनके बाद भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को जेंटलमेंस गेम से आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया।

नीरज कुमार ने भी देखी जांच

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक के तौर पर शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद उन पदों पर रहने वालों ने जांच देखी। साल 2013 में तत्कालीन पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने टीम को जांच पूरी करने और आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

नीरज कुमार ने कहा था, नौकरी के अंतिम दिन मैंने मैच फिक्सिंग घोटाले की (आरोप पत्र) फाइल पर हस्ताक्षर किए। बाद में जब मैं रिटायर्ड हो गया तब कथित रूप से इंग्लैंड में छिपे संजीव चावला के प्रत्यर्पण के लिए मैंने तत्कालीन जॉइंट पुलिस आयुक्त (अपराध) आलोक कुमार के साथ काम शुरू किया। मैं मामले से जुड़े क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का आभारी हूं।

स्पॉट फिक्सिंग कांड का खुलासा

कुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी स्पॉट फिक्सिंग कांड का खुलासा किया, जिसमें भी कई शीर्ष क्रिकेटर फंस गए। स्पॉट फिक्सिंग कांड डी-कंपनी के सरगना दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोग छोटा शकील के संरक्षण में हुआ।

malwa sound.qxd 13/02/2020 12:03 PM Page 8

उज्जैन में पर्यटन विकास के लिये विधिवत डीपीसी तैयार की जाये - कलेक्टर

काफी टेबल बुक और लिफलेट्स बनाये जायें, जिनमें उज्जैन के प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी हो

उज्जैन। मंगलवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शशांक मिश्र द्वारा उज्जैन पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक ली गई। बैठक में पावर पाइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से उज्जैन में पर्यटन के विकास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जानकारी दी गई कि उज्जैन पर्यटन संवर्धन परिषद का गठन एक मार्च 2012 को मध्य प्रदेश शासन पर्यटन विभाग के निर्देश अनुसार किया गया है। पर्यटन परिषद द्वारा मार्च-2015 से जून-2016 तक शहर में पर्यटन और सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम जैसे राहगिरी, आनन्द उत्सव, सिंहस्थ फेमिली हेरिटेज वॉक इत्यादि जनसहयोग से कराये गये हैं।

सिंहस्थ फेमिली हेरिटेज वॉक और सिंहस्थ साइक्लोथॉन रिले कार्यक्रमों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में भी दर्ज किया गया है।

पर्यटन संवर्धन परिषद द्वारा पर्यटन विकास हेतु प्रदाय की गई राशि 31 लाख 63 हजार 339 में से 9 लाख 97 हजार 654 रुपये व्यय किये गये हैं। वर्तमान में पर्यटन विकास हेतु 21 लाख 65 हजार 685 रुपये की राशि शेष है।

पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे सम्बन्धी इकाईयों को पंजीकृत करने के लिये प्राप्त आवेदनों के पर्यवेक्षण और निरीक्षण हेतु कलेक्टर द्वारा एक अशासकीय सदस्य नामित करने के निर्देश बैठक में दिये गये। साथ ही उज्जैन पर्यटन की वेब साइट डेवलप

करने के लिये कहा गया। महाकाल मन्दिर परिसर में आने वाले पर्यटकों के लिये पर्यटक सुविधा केन्द्र बनाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही डोंगला वेधशाला को पुन: प्रारम्भ किये जाने के लिये कहा।

कलेक्टर ने बैठक में रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा चालकों के लिये ई-पर्यटन मित्र बुकिंग काउंटर प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के लिये कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि देशी-विदेशी पर्यटकों को भारतीय संस्कृति, आतिथ्य से परिचित कराने, किफायती दरों पर आवास व भोजन उपलब्ध कराने और स्थानीय नागरिकों को रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से होमस्टे सम्बन्धी नीतियों का संचालन किया जाना है। इनमें मध्य प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट स्थापना योजना, मध्य प्रदेश फार्म स्टे स्थापना योजना और मध्य प्रदेश ग्राम स्टे स्थापना योजना शामिल है।

बैठक में उज्जैन में पर्यटन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के दौरान जानकारी दी गई कि धार्मिक दृष्टि से उज्जैन में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उज्जैन को दो पर्यटन सर्किट के रूप में विभाजित किया जा सकता है, महाकाल सर्किट और पंचक्रोशी यात्रा सर्किट। वर्ष 2017 से रामघाट पर मां शिप्रा नौका विहार से नौकाओं का संचालन किया जा रहा है।

बैठक में प्रोजेक्ट अवन्तिका टूरिज्म के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें गंभीर डेम के समीप स्थित वाटर पम्पिंग प्लांट के आसपास 915.43 लाख रुपये की लागत से पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना है। इसके अलावा उज्जैन में वैकल्पिक पर्यटन की भी आवश्यकता है। इस हेतु यहां वैकल्पिक पर्यटन गतिविधियां प्रारम्भ करने के उद्देश्य से सोलर पार्क सदावल, अवन्तिका एडवेंचर पार्क जैसी योजनाओं की परिकल्पना की गई है।

अवन्तिका एडवेंचर पार्क गंभीर डेम के समीप स्थित पम्पिंग प्लांट के आसपास चयनित नौ एकड़ स्थल पर विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जो तीन चरणों में क्रियान्वित की जायेगी। पहले चरण में आधारभूत पर्यटन अधोसंरचना विकास कार्य जैसे सड़क निर्माण, बोटिंग डेक, पार्क लाईटिंग इत्यादि और दूसरे चरण में ट्री हाऊस, टूरिस्ट हट, कलाबाजार, फारेस्ट सफारी एडवेंचरस स्पोर्ट्स इत्यादि शामिल होंगे। कलेक्टर शशांक मिश्र ने उज्जैन को डेस्टिनेशनल वेडिंग के रूप में भी विकसित करने के लिये आवश्यक कदम उठाने के लिये कहा।

कलेक्टर ने कहा कि एडवेंचर पार्क में विभिन्न पर्यटक गतिविधियां किफायती दरों पर पर्यटकों को उपलब्ध कराई जायें। उज्जैन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बतौर पर्यटन स्थल विकसित किया जाये। पर्यटकों के लिये काफी टेबल बुक और लिफलेट्स भी प्रकाशित करवाये जायें, जिनमें उज्जैन के विभिन्न पर्यटन स्थलों की जानकारी सारगर्भित और रोचक तरीके से दी गई हो।

जिन क्षेत्रों को बतौर पर्यटन स्थल विकसित किया जाना है, वहां भैरवगढ़ के बटिक प्रिंट के स्टाल भी लगाये जायें। कुछ क्षेत्र जैसे बड़नगर के आमला फोर्ट को हेरिटेज विलेज के रूप में विकसित किया जा सकता है। वेडिंग डेस्टिनेशन के लिये विभिन्न वेडिंग प्लानर्स जिन्होंने स्टार्टअप किया है, उनसे भी सम्पर्क किया जाये। डेस्टिनेशन वेडिंग को हेरिटेज वॉक के साथ टाइअप करें। नगर निगम, यूडीए और पर्यटन विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रस्ताव तैयार करें। डीटीपीसी स्मार्ट सिटी को भी पर्यटन विकास में शामिल करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उज्जैन के समस्त एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी जगह चिन्हांकित करें, जिन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इसके अलावा चौरासी महादेव, नारायणधाम, सप्त सागर और नौ नारायण को भी पर्यटन विकास में सम्मिलित करें। इसके अलावा इंदिरा सागर हनुमंतिया टापू की तर्ज पर बैठक में अवन्तिका उत्सव का आयोजन किये जाने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम ऋषि गर्ग, डूडा के भविष्य खोबरागड़े, जिला पंचायत की कीर्ति मिश्रा और सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

काला पत्थर पर विधिक सहायता शिविर आयोजित

उज्जैन। शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस.के.पी. कुलकर्णी के मार्गदर्शन में मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र काला पत्थर क्षेत्र इंदौर रोड़ पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलीपसिंह मुझाल्दा, नालसा समन्वयक सोनल दुबे, पैरालीगल वालेंटियर्स रेखा व्यास तथा आंगनवाड़ी केंद्र की पर्यवेक्षिका मनीषा थोरात तथा आमजन उपस्थित थे। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी मुझाल्दा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संचालित योजनाएं तथा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना-2015, घरेलु हिंसा, आईटी अधिनियम, साईबर क्राईम, सोशल मीडिया के संबंध में

विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। विधिक साक्षरता शिविर में नालसा समन्वयक सोनल दुबे एसिड अटैक, मीडिएशन व लोक अदालत के लाभ, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजना व उनके लिए विधिक साक्षरता शिविर), सालसा की समस्त लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। संचालन पैरालीगल वालेंटियर्स रेखा व्यास ने किया तथा आभार मनीषा थोरात ने माना।

प्लास्टिक रीसायकिल प्लांट हमारे महत्वपूर्ण उपलब्धि - महापौर

उज्जैन। नगर पालिक निगम द्वारा कचरे के निष्पादन के क्रम में बहुत से कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अनुपयोगी पॉलीथीन और प्लास्टिक के निष्पादन हेतु स्थापित किये गए प्लास्टिक रीसायकल प्लांट का मंगलवार को महापौर मीना जोनवाल ने लोकार्पण किया। एम.आर. 5 ट्रांसफर स्टेशन पर निगम ने यह प्लांट स्थापित कर संचालन हेतु बेसिक्स लि. को दिया है। प्लांट पर स्थापित मशीनें वर्कर इत्यादि बेसिक्स द्वारा लगाए गए हैं जबकि स्थान निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया हैं। निगम की कार्यवाही के अन्तर्गत पॉलिथीन प्लास्टिक बेसिक्स को प्राप्त होता है।

महापौर मीना जोनवाल ने इस अवसर पर कहा कि जो पॉलिथिन और अनुपयोगी प्लास्टिक कल तक पूरी तरह अनुपयोगी होकर एक समस्या बना हुआ था अब उसके निष्पादन के साथ ही इस नई रीसायकल प्रक्रिया के तहत उसे भी उपयोगी रॉ मटेरियल के रूप मे परिवर्तित किया जा सकेगा। जिस रॉ मटेरियल से प्लास्टिक के पाईप, डस्टबिन, बाल्टी इत्यादि सामग्री तैयार हो सकेगी। आपने कहा कि हमारे कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों मे से यह भी एक है।

महापौर मीना जोनवाल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चैहान, मांगीलाल कडेल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, करूणा जैन, झोन अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, राजकमल ललावत, अपर आयुक्त मनोज पाठक, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहित अन्य अधिकरी और बैसिक्स के वर्कर उपस्थित रहे।

नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध

नहीं मानने पर पर्यावरण विभाग कार्यवाही करेगा

उज्जैन। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा वायु प्रदूषण एवं नियंत्रण एक्ट-1981 के अन्तर्गत फसलों की कटाई के उपरान्त फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। कंबाईन हार्वेस्टर के कटाई के उपरान्त बची नरवाईयों में आग लगाने की घटना को देखते हुए रबी की कटाई में कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। यदि कृषक ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग नहीं करना चाहते हैं तो उन्हें स्ट्रॉ रीपर का उपयोग करके फसल अवशेषों से भूसा प्राप्त करना अनिवार्य है। कलेक्टर शशांक मिश्र ने निर्देशित किया है कि यदि इसके उपरान्त भी कृशकों द्वारा नरवाई में आग लगाई जाती है तो उनके विरूद्ध पर्यावरण विभाग द्वारा कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित विभाग को सूचित किया जायेगा। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपनी तहसीलों में उपलब्ध कंबाईन हार्वेस्टर के संचालकों के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के लिये निर्देशित करें। साथ ही कृषकों में यह जागरूकता लाने के लिये विशेष अभियान चलायें कि वे रबी फसल की कटाई के बाद नरवाई में आग न लगायें।

आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

उज्जैन। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय द्वारा उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों में विगत दिसम्बर-जनवरी माह में राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था।

इन कार्यशालाओं में संभागीय स्तर से पत्रकारों द्वारा विभिन्न जिलों में जाकर प्रदेश में विगत एक साल में हुए बदलाव पर प्रकाश डाला गया। मीडिया कार्यशाला में संभागीय मुख्यालय से गए पत्रकारों का आभार प्रदर्शन करने के लिए मंगलवार को संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सभी पत्रकारों को मीडिया कार्यशाला से संबंधित आभार पत्र संयुक्त संचालक जनसंपर्क रश्मि देशमुख द्वारा प्रदान किए गए। इस

अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुल्मी, निरुक्त भार्गव, देवेंद्र जोशी, पं.राजेश जोशी, कैलाश सनोलिया, ब्रजेश परमार, जनसम्पर्क विभाग के संतोष सोनी, मनोहरसिंह सिसोदिया, लता वर्मा, अशोक मोरी, स्वयंप्रकाश जोशी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक जनसम्पर्क अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने किया।

ऊर्जा विभाग की सेवाओं से 98 प्रतिशत उपभोक्ता संतुष्ट

उज्जैन। ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने बताया है कि गत जनवरी माह से तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा कुल 50 हजार 413 उपभोक्तओं से फीडबैक प्राप्त कर संतुष्टि जाँच की गई है। कुल संतुष्ट उपभोक्ताओं का प्रतिशत लगभग 98 रहा है। उन्होंने तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों के अधिकारी-कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। श्री सिंह ने बताया कि फीडबैक कॉल के दौरान 49 हजार 353 उपभोक्ता ऊर्जा विभाग की सेवाओं से संतुष्ट मिले। प्रदेश की तीन विद्युत वितरण कम्पनियों के कॉल सेन्टर में उपभोक्तओं की शिकायतों के निराकरण की संतुष्टि जाँच के लिये कंपनी प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर रही है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक धर्मेन्द्र सिरोलिया द्वारा 74, दमदमा कोठी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित कर उदयरत्न ऑफसेट, 52, घटपरकर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - धर्मेन्द्र सिरोलिया मोबा. 9893994802 (सभी वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)।